# समाचार

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में शामिल हुई महापौर

## (बालको लेडिज वेल्फेयर एसोसिएशन ने किया आयोजन)



कोरबा 29 अगस्त 2016 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने बालको में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की, उन्होने दी प्रज्वलन कर आयोजन का शुभारंभ कराया तथा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी।

बालको लेडिज वेल्फेयर एसोसिएशन द्वारा 27 अगस्त शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी सेलीब्रेशन का सुंदर आयोजन किया गया। आयोजन की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। उन्होने दीप प्रज्वलन एवं भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना की तथा नगर के अमनचैन व आमजन की सुख–समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि बालको लेडिज वेल्फेयर एसोसिएशन द्वारा जन्माष्टमी महोत्सव का यह सुंदर आयोजन किया गया है, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण अंग है तथा देश में यह पर्व पूरी श्रद्धा, गरिमा व उत्साह के साथ मनाया जाता है। महिला एसोसिएशन ने यह आयोजन कर भारतीय संस्कृति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखायी है, जिसके लिए मैं एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई व शुभकामनाएं देती हूं, उन्हे धन्यवाद देती हूं। आयोजन के दौरान बालको लेडिज वेल्फेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने महापौर श्रीमती अग्रवाल तथा अन्य अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सुंदर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

आयोजन के दौरान समाजसेविका मंगल बुधिया, एसोसिएशन की जनरल सेकेट्ररी चित्रा मण्डल, प्रेसीडेंट कुसुम राजपुरोहित, अनीशा चौधरी, रानिता दास, रेनू सोनी, दीपिका, सिमरन विजय वर्गीय, मनिन्दर कौर, विभा शुक्ला, सुरेखा सोनी के साथ ही एसोसिएशन की अन्य सदस्यगण तथा काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।